Roll No. ..................

Total No. of Questions : 14] [Total No. of Printed Pages : 16

**XARJKUT23**

**9302–X**

# HINDI

**Time : 3 Hours]** **[Maximum Marks : 80**

**नोट** :- सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भारत की विभिन्न भाषाओं के साहित्य का इतिहास घुला-मिला-सा प्रतीत होता है। उनके बीच कोई अभेद्य दीवार न थी। मीरा समान रूप से राजस्थानी और गुजराती की कवयित्री मानी जाती हैं। भूषण की वाणी का महाराष्ट्र में भी आदर हुआ है। संत तुकाराम ने अपनी कविता हिन्दी में भी की थी। विद्यापति समान रूप से हिन्दी, बंगला और मैथिली के कवि माने जाते हैं।

**प्रश्न** :

(क) हिन्दी साहित्य के इतिहास में भाषाएँ कैसी प्रतीत होती हैं ?

(i) पृथक्  (ii) कठिन

(iii) घुला-मिला  (iv) सरल एवं सुगम

Turn Over



Visit CollegeDekho

(ख) 'अभेद्य' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(i) जुड़ा हुआ

(ii) जिसे भेदा न जाए

(iii) बिना अंतर

(iv) अर्थ रहित

(ग) महाराष्ट्र राज्य में किस कवि की वाणी को आदर दिया जाता है ?

(i) मीरा

(ii) विद्यापति

(iii) कबीर

(iv) भूषण

(घ) संत तुकाराम ने किस भाषा में अपनी कविताएँ लिखीं ?

(i) बंगला

(ii) गुजराती

(iii) हिन्दी

(iv) बुन्देली

(ङ) दिए गए गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 2×5=10



Visit CollegeDekho

## खण्ड-ख

2. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

निम्नलिखित रेखांकित वाक्यों में दिए गए पदबंध का सही विकल्प छाँटिए :

(क) सेवाकाल में लगे रहने वाले फल की इच्छा नहीं करते।

(i) सर्वनाम पदबंध

(ii) संज्ञा पदबंध

(iii) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iv) क्रिया पदबंध

(ख) मुझे सुनाई पड़ रहा है।

(i) सर्वनाम पदबंध

(ii) क्रिया पदबंध

(iii) संज्ञा पदबंध

(iv) क्रिया-विशेषण पदबंध

(ग) मेरा जम्मू में रहने वाला मित्र कल दिल्ली जाएगा।

(i) संज्ञा पदबंध

(ii) सर्वनाम पदबंध

(iii) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iv) विशेषण पदबंध



Visit CollegeDekho

(घ) बर्फ धीरे-धीरे सरक रही है।

(i) क्रिया पदबंध

(ii) सर्वनाम पदबंध

(iii) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iv) संज्ञा पदबंध

1×4=4

3. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) उसने खाना खाया और सो गया।

(i) मिश्र वाक्य

(ii) साधारण वाक्य

(iii) संयुक्त वाक्य

(ख) हमारा देश समृद्धिशाली है।

(i) मिश्र वाक्य

(ii) संयुक्त वाक्य

(iii) साधारण वाक्य

(ग) मालूम होता है बर्फ गिरेगी।

(i) साधारण वाक्य

(ii) संयुक्त वाक्य

(iii) मिश्र वाक्य



Visit CollegeDekho

(घ) मुझे देखकर चोर चम्पत हो गया।

(i) संयुक्त वाक्य

(ii) साधारण वाक्य

(iii) मिश्र वाक्य 1×4=4

4. (क) दो अथवा दो से अधिक समस्त पदों के मेल को क्या कहते हैं ?

(i) वाक्य

(ii) पदबंध

(iii) समास

(iv) सन्धि

(ख) 'चौराहा' कौनसा समास है ?

(i) बहुब्रीहि

(ii) द्विगु

(iii) कर्मधारय

(iv) द्वन्द्व

(ग) 'पंकज' में कौनसा समास है ?

(i) कर्मधारय

(ii) अव्ययीभाव

(iii) बहुब्रीहि

(iv) द्विगु

Turn Over



Visit CollegeDekho

(घ) 'निम्नलिखित में कौनसा पद नञ तत्पुरुष है ?

(i) दयार्द्र

(ii) पथभ्रष्ट

(iii) अन्याय

(iv) धर्मवीर

1×4=4

5. अलंकार छाँटिए :

(क) 'पीपल पात सरिस मन डोला'।

(i) अतिशयोक्ति

(ii) उपमा

(iii) रूपक

(iv) यमक

**अथवा**

'शुचि वर के कर कुलीन लखकर'।

(i) अनुप्रास

(ii) उपमा

(iii) यमक

(iv) रूपक

1×2=2



Visit CollegeDekho

(ख) छन्द बताइए :

'रघुकुल रीत सदा चली आए।' प्राण जाय पर वचन न जाय॥

(i) कवित्त

(ii) चौपाई

(iii) दोहा

(iv) सोरठा

**अथवा**

ऐकै अषिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ।

पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ॥

(i) कवित्त

(ii) दोहा

(iii) सोरठा

(iv) चौपाई 1×2=2

6. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए :

(क) उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

उसे ................ बनाना आसान नहीं।

(i) मूर्ख होना

(ii) उल्लू होना

(iii) चाँदी होना

(iv) चकमा देना 1

(ख) सन्धि विच्छेद कीजिए (केवल **दो**) :

(अ) धर्मात्मा :

(i) धरम + आत्म

(ii) दरम + अत्मा

(iii) धर्म + आत्मा

(iv) धरमा + आत्म

(ब) विच्छेद :

(i) विश + छेद

(ii) विच + अछेद

(iii) विच + छेद

(iv) वि: + छेद

(स) मनोहर :

(i) मनो + हर

(ii) मन: + होर

(iii) मन: + हर

(iv) इनमें से कोई नहीं ½x2=1

(ग) वाक्य में आई क्रिया का नाम पहचानिए :

बर्फ घिर रही है।

(i) सकर्मक

(ii) द्विकर्मक

(iii) अकर्मक



Visit CollegeDekho

(घ) 'श्याम' का विलोम शब्द है :

(i) अंधेरा

(ii) कृष्ण

(iii) सफेदी

(iv) श्वेत ½

(ङ) 'उपसर्ग' शब्द में कौनसा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है ?

(i) उप

(ii) उ ½

## खण्ड-ग

7. पाठ्य-पुस्तक

निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

धँस गए धरा में सभय शाल
    उठ रहा धुँआ, जल गया ताल
यों जलद-यान में विचर-विचर
    था इंद्र खेलता इंद्रजाल।

**प्रश्न :**

(क) जलद-यान में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है ?

(i) यमक

(ii) रूपक

(iii) उपमा

Turn Over



Visit CollegeDekho

(ख) वृक्ष किस अवस्था में धरती में धँस रहे थे ?

(i) प्रसन्नता से

(ii) भयभीत होकर

(iii) विस्मय से

(ग) 'इंद्रजाल' शब्द का अर्थ क्या है ?

(i) तारों का समूह

(ii) जादूगरी

(iii) इंद्र देवता

(घ) उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ?

(i) पर्वत पर पावस

(ii) पर्वत प्रदेश में पावस

(iii) भिक्षुक

(iv) इनमें से कोई नहीं

1×4=4

8. निम्न गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मेरा गाँव कस्बाई शहर आरा से चालीस किलोमीटर की दूरी पर है। हसन बाज़ार बस स्टैंड के पास। गाँव की कुल आबादी ढाई-तीन हज़ार होगी। गाँव में तीन प्रमुख स्थान हैं। गाँव के पश्चिम किनारे का बड़ा-सा तालाब। गाँव के मध्य स्थित बरगद का पुराना वृक्ष और गाँव के पूरब में ठाकुर जी का विशाल मंदिर, जिसे गाँव के लोग ठाकुरबारी कहते हैं।

प्रश्न :

(क) लेखक का गाँव 'आरा' से कितना दूर था ?

(i) चार किलोमीटर

(ii) चालीस किलोमीटर

(iii) चार सौ किलोमीटर

(ख) लोग ठाकुरबारी किसे कहते थे ?

(i) बरगद का वृक्ष

(ii) विशाल तालाब

(iii) विशाल मंदिर

Turn Over

(ग) हसन बाजार कहाँ पर स्थित था ?

(i) तालाब के पास

(ii) मंदिर के पास

(iii) बस स्टैंड के पास

(iv) बरगद वृक्ष के पास

(घ) गाँव के तीन स्थलों का वर्णन कीजिए। 4

9. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए :

(i) बिहारी के अनुसार छाया भी कब छाया ढूँढ़ने लगती है ?

(ii) कुपुत्र को जन्म देने पर भी माता कुमाता नहीं कहलाती।

(iii) हिन्दी भाषा भारत में ऊँच-नीच को कैसे खत्म कर सकती है ?

2x2=4

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए :

(i) हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया ?

(ii) बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे ?

(iii) हरिहर काका के मामले में गाँव वालों की क्या राय थी और उसके क्या कारण थे ?

2x2=4

10. (i) कहानी और उपन्यास में अन्तर स्पष्ट कीजिए। :

(ii) कविता के किन्हीं दो तत्वों पर प्रकाश डालिए। :

(iii) संस्मरण पर एक लघु लेख लिखिए। :



Visit CollegeDekho

2

11. परिमाण वाचक विशेषण किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

12. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए :

(क) (i) प्रदूषण की समस्या।

(ii) जल प्रदूषण की समस्या एवं कारण।

(iii) प्रदूषण मुक्त होने का समाधान।

(ख) (i) जम्मू-कश्मीर की शिक्षा प्रणाली।

(ii) शिक्षा प्रणाली में त्रुटियाँ।

(iii) सुचारु रूप देने हेतु समाधान।

(ग) (i) भारत में नारी की स्थिति।

(ii) नारी के जीवन की समस्याएँ।

(iii) नारी उत्थान हेतु योजनाएँ। 8

13. छोटे भाई को शिक्षा का महत्व समझाते हुए पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। 6

Turn Over



Visit CollegeDekho

11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (वस्तुनिष्ठ) :

(क) कबीरदास किस प्रवृत्ति के कवि थे ?

(i) अवसरवादी

(ii) शृंगारवादी

(iii) क्रान्तदर्शी

(iv) रसवादी

(ख) बिहारी के महाकाव्य का नाम क्या था ?

(i) कबीर ग्रन्थावली

(ii) कीर्तिपताका

(iii) सतसई

(iv) पद्मावत

(ग) 'अशोक' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(i) राजा

(ii) अशोक वाटिका

(iii) शोकहीन

(iv) दुखी



Visit CollegeDekho

(घ) नारी शृंगार किसकी रचना है ?

(i) तुलसीदास

(ii) बिहारी

(iii) बंसीलाल शर्मा

(ङ) 'साकेत' महाकाव्य किस कवि की रचना है ?

(i) पंतजी

(ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) मैथिलीशरण गुप्त

(च) ताल का अर्थ क्या है ?

(i) संगीत की लय

(ii) सिर का भाग

(iii) तालाब

(छ) महादेवी वर्मा की मृत्यु कब हुई ?

(i) 1907 ई. में

(ii) 1983 ई. में

(iii) 1987 ई. में

(iv) 2022 ई. में



Visit CollegeDekho

(ज) महादेवी वर्मा की किस विषय में रुचि थी ?

(i) हस्तकला

(ii) रंगमंच

(iii) विज्ञान

(iv) चित्रकला

(झ) 'मंजीर' किस कवि की रचना है ?

(i) महादेवी वर्मा

(ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) गिरजाकुमार माथुर

(iv) सुमित्रानन्दन पंत

(ञ) निरालाजी की पुत्री का नाम क्या था ?

(i) मनोहरा देवी

(ii) सुमित्रा

(iii) सरोज

(iv) सरोजनी

1×10=10



Visit CollegeDekho